1

न्यारा उत्तर आँगन सागर
शीश सदियों गौरव दक्षिण

देश हमारा

याद करें

प्यारा भारत देश हमारा,
हमको है प्राणों से प्यारा।
सारी धरती के देशों में,
सबसे सुंदर, सबसे न्यारा।

उत्तर में है खड़ा हिमालय,
दक्षिण में सागर लहराए।
सूरज सबसे पहले आकर,
इसे प्रेम से शीश झुकाए।

इसी देश के आँगन में,
गंगा–यमुना बहतीं।
सदियों से जो इस माटी की,
गौरव – गाथा कहतीं।

–डा० एस०पी० सिंह

Scanned with CamScanner

शब्दार्थ

न्यारा	=	अलग	माटी	=	मिट्‌टी
शीश	=	सिर	गौरव	=	आदर, सम्मान
सदी	=	सौ वर्ष का समय	गाथा	=	कहानी

पाठ कौशल

प्रश्नों के उत्तर लिखो-

1. हमारे देश का क्या नाम है?

____

2. हमारा देश कैसा है?

____

3. हमारे देश के उत्तर में कौन सा पर्वत है?

____

4. हमारे देश के दक्षिण में क्या है?

____

5. हमारे देश में कौन-कौन सी नदियाँ बहती हैं?

____

6. ये नदियाँ सदियों से क्या करती रही हैं?

____

कविता की इन पंक्तियों को पूरा करो-

__________ में है खड़ा __________,

दक्षिण __________________

__________ पहले __________,

इसे __________________ झुकाए।

Scanned with CamScanner

देखो और समझो-

हमारा	-	प्यारा	प्यारा	-	न्यारा
लहराए	-	झुकाए	बहतीं	-	कहतीं

ये मिलते-जुलते शब्द हैं। इन्हें तुकांत शब्द कहते हैं। कविता में ऐसे शब्दों का प्रयोग खूब होता है।

सही मेल मिलाओ-

अ	आ
1. हमारा देश	(i) सब देशों से सुंदर है।
2. यह देश धरती के	(ii) हमें प्राणों से प्यारा है।
3. हमारे देश के उत्तर में	(iii) इसे प्रणाम करता है।
4. सूरज सबसे पहले आकर	(iv) हिमालय खड़ा है।

भाषा कौशल

समान अर्थ वाले शब्दों को मिलाओ-

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
प्यारा	सिर	मिट्टी	सागर
न्यारा	आदर	समुद्र	प्रेम
शीश	प्रिय	प्यार	गाथा
गौरव	अलग	कहानी	माटी

पढ़ो, समझो और नए शब्द बनाओ-

प्राण	-	प्राणों	देश	-	देशों	सदी	-	सदियों
सागर	-	....	पहाड़	-	....	कहानी	-	....
शीश	-	....	गाथा	-	....	मिट्टी	-	....

Scanned with CamScanner

समझो और लिखो-

1. हमको है प्राणों से प्यारा।

   हमको प्राणों से प्यारा है।

2. उत्तर में है खड़ा हिमालय।

   ____

पढ़ो, समझो और लिखो-

भारत

- हमारा देश
- प्राणों से प्यारा
- सबसे सुंदर
- सबसे न्यारा

हमारा देश भारत

____

____

____

उदाहरण पढ़ो और नए शब्द बनाओ-

हिम	+	आलय	=	हिमालय
देव	+	आलय	=	______
विद्या	+	आलय	=	______
शौच	+	आलय	=	______

पढ़ो और बोलो-

सुंदर	न्यारा	उत्तर	हिमालय
दक्षिण	सूरज	शीश	आँगन
सदियों	माटी	गौरव	गाथा

इन शब्दों से वाक्य बनाओ-

धरती ______________________

देश ______________________

उत्तर ______________________

सागर ______________________

सूरज ______________________

Scanned with CamScanner